RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार, 02 फरवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 249 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
(R)
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# रेलवे-शिक्षा और रक्षा क्षेत्र में बजट बढ़ा या घटा?

## जानें पिछली बार के मुकाबले क्या रही स्थिति...



### किस मंत्रालय को कितना बजट

| मंत्रालय | 2023-24 | 2022-23 | इजाफा (लगभग) |
|---|---|---|---|
| रेल | 2.41 लाख करोड़ | 1.4 लाख करोड़ | 71% |
| रक्षा | 5.94 लाख करोड़ | 5.25 लाख करोड़ | 13% |
| शिक्षा | 1.04 लाख करोड़ | 1.12 लाख करोड़ | 07% |
| कृषि | 1.25 लाख करोड़ | 1.24 लाख करोड़ | 01% |
| स्वास्थ्य | 0.86 लाख करोड़ | 0.83 लाख करोड़ | 03% |

सरकार ने बजट में पूंजीगत व्यय 33% बढ़ाकर 10 लाख करोड़ किया

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में केंद्रीय बजट 2023 पेश किया। इस बार के बजट में मध्यम वर्गों का खासा ख्याल रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी बजट की जमकर तारीफ की। वहीं केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने इस बार रेलवे और रक्षा क्षेत्र के लिए भी फंड के आवंटन में अभूतपूर्व बढ़ोतरी का एलान किया है।

**पिछले साल की तुलना में 'रक्षा क्षेत्र' को कितना अधिक मिला फंड**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा क्षेत्र को 2023-24 में कुल 5.94 लाख करोड़ रुपये फंड आवंटित करने का एलान किया वहीं 2022 में 5.25 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। यानी कि 2023 में साल 2022 की तुलना में 69 लाख करोड़ रुपये अधिक आवंटित किए गए।

### पिछले साल की तुलना में 'रेलवे' को कितना अधिक मिला फंड

**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रेलवे को 2023-24 में कुल 2.40 लाख करोड़ रुपये फंड आवंटित करने का एलान किया जो कि अब तक सबसे अधिक है। वहीं पिछले साल से तुलना की जाए तो यह एक लाख करोड़ अधिक है क्योंकि 2022 में 1.40 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इसके अलावा अगर 2013-14 से तुलना की जाए तो ये बजट लगभग 9 गुना ज्यादा है।**

**पिछले साल की तुलना में इस बार 'कृषि क्षेत्र' की क्या रही स्थिति**

बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 2023-24 में कुल 1.25 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 1.24 करोड़ रुपए फंड का प्रावधान किया गया था।

**शिक्षा के क्षेत्र में इस बार कितना बजट, पिछली बार के मुकाबले क्या रही स्थिति**

आम बजट 2023-24 में शिक्षा के लिए 1,12,899 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं। बता दें कि पिछले साल के बजट 2022 में शिक्षा के लिए कुल 1,04,278 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। यानी 8 हजार करोड़ से ज्यादा का इजाफा।

**खेल मंत्रालय को कितना बजट, पिछले साल की तुलना में क्या रही स्थिति**

केंद्र सरकार ने युवा और खेल मामलों के मंत्रालय के लिए 3397.32 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जो पिछले साल के बजट 2773.35 करोड़ रुपये से 723.97 करोड़ रुपये ज्यादा है।

**स्वास्थ्य मंत्रालय को कितना बजट, पिछले साल की तुलना में क्या रही स्थिति**

बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 2023-24 में 86 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पिछले बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 83 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। यानी इस बार 2.71 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

# नाक रगड़ने पर मजबूर कर दूंगा...

## उद्धव गुट के नेता अनिल परब की किरीट सोमैया को चेतावनी!



**मुंबई:** शिवसेना उद्धव गुट के नेता और राज्य के पूर्व मंत्री अनिल परब ने बीजेपी नेता किरीट सोमैया को बयान दिया है कि वह सोमैया को नाक घिसने पर मजबूर कर देंगे। उन्होंने सोमैया पर बिल्डरों को फायदा पहुंचाने के लिए काम करने का आरोप लगाया। परब ने यह आरोप म्हाडा द्वारा बांद्रा में कथित तौर पर परब का कार्यालय तोड़े जाने के बाद लगाया। परब ने कहा कि सोमैया का आरोप है कि तोड़ा गया कार्यालय मेरा है, लेकिन मेरा उससे कोई संबंध नहीं हैं। जो कार्यालय तोड़ा गया, वह बांद्रा स्थित सोसायटी का कार्यालय है। म्हाडा ने इसका लिखित सबूत दिया है। इसीलिए म्हाडा के जिस अधिकारी ने सोसायटी को नोटिस भेजा है, उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सोमैया के आरोपों के बाद म्हाडा द्वारा की गई कार्रवाई के खिलाफ परब ने म्हाडा ऑफिस में जाकर करीब तीन घंटे तक म्हाडा अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान ठाकरे गुट के शिवसैनिकों और परब समर्थकों ने म्हाडा ऑफिस के बाहर जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन किया। म्हाडा ऑफिस से बाहर आकर संवाददाताओं से कहा कि सोमैया सिर्फ उन्हें बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगा रहे हैं। म्हाडा ने मुझे सबूत दिए हैं उनके आधार पर अब सोमैया को मुंह की खानी पड़ेगी।

### किस आधार पर अवैध?

उन्होंने कहा कि बिल्डिंग के मूल प्लान के बाहर जाकर जो काम किया जाता है उसे अवैध निर्माण कहा जाता है। लेकिन, म्हाडा के पास तो बिल्डिंग के मूल प्लान की कॉपी तक नहीं है। फिर, जिस ऑफिस को तोड़ा गया है, उसे किस आधार पर अवैध निर्माण ठहराया गया। म्हाडा के अधिकारियों ने अगले आठ दिन में बिल्डिंग के मूल प्लान की कॉपी उपलब्ध कराने की बात कही है। अगर 8 दिन के भीतर कॉपी नहीं मिली, तो उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन और कोर्ट केस की कार्रवाई की जाएगी।

# मुंबई में इंसानियत शर्मसार!

## वर्ली इलाके में 60 साल के शख्स ने एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की



**मुंबई** : देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है. यहां 60 साल के एक शख्स ने एक नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की. छेड़छाड़ करने वाले 60 वर्षीय शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. शर्मसार करने वाली घटना तब हुई जब पीड़िता घर पर अकेली थी. उसी समय आरोपी का हौसला बढ़ा. लड़की को अकेला पाकर आरोपी ने लड़की को अपने घर बुलाया. इसके बाद आरोपी ने उसे अश्लील वीडियो दिखाया. वह यहीं नहीं रुका उसने लड़की को अनुचित तरीके से छुआ भी. पुलिस ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी की पहचान भास्कर तारी के रूप में हुई है. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. इस मामले में पुलिस ने आईपीसी, पास्को एक्ट और आईटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है.

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# सबक सीखने का समय

पेशावर की एक मस्जिद में आत्मघाती हमले में करीब सौ लोगों की मौत यही बता रही है कि पाकिस्तान आर्थिक रूप से जितना खस्ताहाल है, उतना ही सुरक्षा की दृष्टि से भी। उसकी स्थिति यही बता रही है कि वह चौतरफा संकट से घिर गया है और बचने के रास्ते दिख नहीं रहे हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि उसके दिवालिया होने की आशंका बढ़ती जा रही है। पाकिस्तान पहुंची अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की टीम ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सामने जो शर्तें रखी हैं, उन्हें मानना उनके लिए आसान नहीं। यदि वह ये शर्तें मानते हैं तो उनकी सरकार अलोकप्रियता की तली पर आ लगेगी और अगर वह शर्तें मानने से मना करते हैं तो देश के दिवालिया होने का खतरा है। इसी कारण यह कहा जा रहा है कि पाकिस्तान एक ओर कुआं और दूसरी ओर खाई वाली स्थिति में पहुंच गया है।

पता नहीं वह इस स्थिति से कैसे उबरेगा, लेकिन भारत को उसकी बिगड़ती स्थितियों से सावधान रहना चाहिए। यदि पाकिस्तान की आर्थिकी और बिगड़ती हैं तो वैसी ही स्थिति बन सकती है, जैसी एक समय पूर्वी पाकिस्तान यानी आज के बांग्लादेश की बनी थी और वहां के लाखों नागरिक भारत आ गए थे। स्पष्ट है कि भारत को पाकिस्तान की बिगड़ती स्थितियों से सतर्क रहना होगा। इसलिए और भी, क्योंकि पाकिस्तान मामलों के विशेषज्ञ इसी निष्कर्ष पर पहुंच रहे हैं कि उसके बिगड़े हालात से पूरा क्षेत्र प्रभावित हो सकता है।

पाकिस्तान की अस्थिरता से भारत अप्रभावित रहे, इसके लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाने होंगे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि एक अस्थिर और अराजक पाकिस्तान अपने पड़ोसी देशों के लिए कहीं अधिक खतरनाक सिद्ध होगा। इसलिए और भी, क्योंकि वह एक परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र है और उसके यहां न जाने कितने आतंकी गुट पल रहे हैं। पाकिस्तान की स्थितियों से न केवल सावधान रहना होगा, बल्कि उन कारणों पर भी गौर करना होगा, जिनके चलते उसकी यह दुर्दशा हुई।

वैसे तो उसकी दुर्दशा के कई कारण हैं, लेकिन एक प्रमुख कारण आर्थिक नियमों की अनदेखी कर रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देना भी है। रेवड़ी संस्कृति के कारण अन्य अनेक देश भी आर्थिक रूप से तबाह हुए हैं। विडंबना यह है कि इसके बाद भी भारत में कुछ राजनीतिक दल इस संस्कृति को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। एक ऐसे समय जब आर्थिक चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं और आर्थिक सर्वेक्षण भी उनकी ओर संकेत कर रहा है, तब यह ठीक नहीं कि रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ उसकी वकालत भी की जाए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि फिलहाल ऐसा ही हो रहा है। यह सही है कि पाकिस्तान से दूरी बनाए रखने में ही भलाई है, लेकिन उससे यह तो सीखा ही जाना चाहिए कि आर्थिक मोर्चे पर क्या नहीं किया जाना चाहिए?

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# पालघर जिले में मजदूर पति से छुटकारा पाना चाहती थी महिला

## फिर उसने शख्स से मिलकर सिर और गर्दन पर किया वार

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक पुलिस ने एक सनसनीखेज मामले का खुलासा किया है. पुलिस ने बुधवार को कहा कि मुंबई के एक 35 वर्षीय मजदूर की पत्नी को गिरफ्तार किया गया है. पिछले दिनों मजदूर का शव महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक खाड़ी में मिला था. पुलिस ने कहा, इस मामले में कथित तौर पर मजदूर की हत्या के आरोपी एक दंपति को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बताया आरोपी महिला अपने मजदूर पति से पीछा छुड़ाना चाहती थी. पति को मारने के लिए महिला ने एक 40 साल के शख्स और उसकी 28 वर्षीय पत्नी को मारने की सुपारी दी थी. मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस की क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने बताया, आरोपी मुंबई के गोरेगांव के रहने वाले हैं और मजदूर भी उसी इलाके में रह रहा था.




**27 जनवरी को सड़ी हुई लाश मिली**

अधिकारी ने कहा कि 27 जनवरी को पालघर के नायगांव के पास नाले में सड़ी हुई लाश मिली थी. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि व्यक्ति की गर्दन और सिर पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया था. इसके बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था.

**कपड़ों से आरोपियों की पहचान**

उन्होंने कहा कि पुलिस ने एफआईआर में दर्ज कपड़ों के विवरण के आधार पर आरोपियों की पहचान की. पुलिस जांच के दौरान पता चला कि हाल ही में गोरेगांव से एक दंपति और एक महिला गायब हो गए हैं. जांच करते हुए पुलिस ने सभी आरोपियों को गुजरात के वापी जिले से पकड़ लिया गया. पुलिस की पूछताछ के दौरान दंपति ने पुलिस को बताया कि उन्हें मजदूर की पत्नी ने मारने के लिए पैसे का लालच दिया था. शुरूआती जानकारी के अनुसार, मजदूर की पत्नी ने दंपति को 1 लाख रुपये देने का वादा किया था और उन्हें 20,000 रुपये एडवांस में भी दिए थे.

# मुंबई के धारावी इलाके में कपड़ा इकाइयों में लगी आग, बुजुर्ग महिला की मौत!



**मुंबई :** मुंबई से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। धारावी झुग्गी बस्ती में स्थित अशोक मिल परिसर में बुधवार को भीषण आग लग गई। इस हादसे में 62 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

**चार-पांच कपड़ा इकाइयां आग से प्रभावित**

दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि अशोक मिल परिसर में स्थित चार-पांच कपड़ा इकाइयां आग से प्रभावित हुई हैं। कपड़ा इकाइयों में यह भीषण आग दोपहर में लगी थी। उन्होंने कहा कि आग बिजली के तारों, बिजली के प्रतिष्ठानों, मशीनरी और परिधान इकाइयों में कपड़ों तक ही सीमित थी।

**बाथरूम में फंसी मिली महिला**

अधिकारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आग बुझाने के अभियान के दौरान ग्राउंड फ्लोर पर एक बाथरूम में एक महिला फंसी मिली। उन्होंने कहा कि उसे सायन अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**लेवल 1 की थी आग**

अधिकारी ने कहा कि यह लेवल 1 की आग थी। आपको बता दें कि मुंबई फायर ब्रिगेड के अनुसार, स्तर 1 की आग को मामूली आपातकालीन कॉल माना जाता है। अधिकारी ने कहा कि दमकल की चार गाड़ियां, तीन जंबो टैंकर और दमकल की दो बाइकें घटनास्थल पर तत्काल पहुंच गई हैं, आग पर काबू पाया जा रहा है।

# बिना रजिस्ट्रेशन का चल रहा था अस्पताल

## गर्भवती महिला की मौत, दो डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज



**ठाणे :** ठाणे जिले में कथित तौर पर बिना पंजीकरण के चलाए जा रहे एक अस्पताल में एक गर्भवती महिला की मौत के बाद पुलिस ने दो डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने वाडपे गांव की रहने वाली 31 वर्षीय महिला का इलाज किया, जिसकी 25 जनवरी को भिवंडी शहर के तेमघर स्थित अस्पताल में मौत हो गई थी। शांति नगर पुलिस थाने के निरीक्षक विक्रम मोहिते ने बताया कि भिवंडी निजामपुर नगर निगम के एक चिकित्सा अधिकारी ने महिला की मौत की जांच की गई और यह सामने आया कि आरोपी के पास 31 से संचालित प्रसूति गृह की अनुमति नहीं थी। उन्होंने बताया कि एक आरोपी के पास चिकित्सकीय अभ्यास करने की डिग्री भी नहीं थी। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मंगलवार को 30 और 41 वर्षीय दो आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (ए) (लापरवाही से मौत) के साथ-साथ महाराष्ट्र नर्सिंग होम पंजीकरण नियम और महाराष्ट्र मेडिकल प्रैक्टिशनर्स अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और चिकित्सा केंद्र को सील करने की प्रक्रिया चल रही है।



# 4 फरवरी को पेश किया जाएगा बीएमसी का बजट... !

## नए टैक्स का बोझ बढ़ेगा या फिर मिलेगी राहत, जानिए

**मुंबई:** कोरोना संकट से उबर चुकी मुंबई महानगर पालिका का वर्ष 2023-24 का बजट शनिवार बीएमसी कमिश्नर आई एस चहल पेश करेंगे। कोरोना संकट के बीच पेश बीएमसी का वर्ष 2021 और वर्ष 2022 का बजट स्वास्थ्य सेवाओं पर केंद्रित था, लेकिन अब मुंबईकरों को उम्मीद है कि बीएमसी का बजट मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने, सड़क, पानी, यातायात, गार्डन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सौंदर्यीकरण व अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने पर केंद्रित होगा। मुंबईकरों का आर्थिक बजट धीरे-धीरे पटरी पर आ रहा है, इसके बावजूद किसी नए टैक्स के बोझ को उठाने में मुंबईकर सक्षम नहीं हैं। चुनावी साल को ध्यान में रखते हुए इस बार बजट में कोई नया टैक्स लागू करने की आशंका कम ही है।



**बीएमसी को बूस्ट देने की चुनौती**

उद्धव ठाकरे सरकार ने मुंबई में 500 वर्ग फुट तक के घरों का सभी टैक्स माफ कर दिया है। इसीलिए चहल को बीएमसी को बूस्ट देने के लिए बजट में कुछ अतिरिक्त करना पड़ेगा। चहल को बजट में ऐसे प्रावधान करने पड़ेंगे, जिससे बीएमसी के खजाने में अतिरिक्त आय का स्रोत बने। पानी पर टैक्स बढ़ोतरी, प्रॉपर्टी टैक्स में बढ़ोतरी जैसी घोषणाओं से राजनीतिक दबाव के कारण चहल पीछे हट गए। ऐसे में, इस साल के बजट में ऐसे कौन से प्रावधान करते हैं, इस पर मुंबईकरों की नजर रहेगी। पिछले बजट में कचरा उपयोग कर्ता शुल्क लगाकर प्रति वर्ष 174 करोड़ रुपये अर्जित करने की घोषणा की गई थी। साथ ही, मुंबई के 3500 होटेलों से निकलने वाले गीले कचरे से वार्षिक 26 करोड़ रुपये जमा करने की योजना थी।

**सौंदर्यीकरण पर विशेष नजर**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई के सौंदर्यीकरण और मुंबई को गड्ढा मुक्त करने का सपना दिखाया है, जिसका असर बजट में देखने को मिल सकता है। साथ ही, कोस्टल रोड प्रॉजेक्ट समय पर पूरा करने, देवनार में कचरे से बिजली उत्पादन, मुंबई में कचरा कम करना और कचरा प्रोसेस की व्यवस्था, मुंबई को पानी आपूर्ति के लिए गारगाई प्रॉजेक्ट, समुद्र से पानी मीठा करने के लिए मनोरी प्रॉजेक्ट आदि पर विशेष ध्यान देना होगा।


# भौंकने पर मेहमान ने पालतू कुतिया पर किया फावड़े से वार

## बेजुबान जानवर की गई जान



**महाराष्ट्रः** महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर में एक व्यक्ति ने अपनी एक परिचित महिला के घर पालतू कुतिया के उस पर भौंकने के बाद कथित तौर पर उसकी (कुतिया की) जान ले ली। इस घटना के सिलसिले में आरोपी के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार दोपहर हुई, जब दो महिलाएं और दो पुरुष नरालीबाग इलाके में महिला के आवास पर गये थे। शिकायत के मुताबिक, कुतिया ने दो पुरुषों में से एक पर भौंकना शुरू कर दिया। इस पर उस व्यक्ति ने कुतिया पर पास में रखे एक फावड़े से उसके सिर पर वार कर दिया। कुतिया की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद, शिकायतकर्ता के साथ चारों लोगों ने झगड़ा किया। इसके बाद पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम के अलावा घर में अनाधिकार प्रवेश करने और इरादतन नुकसान पहुंचाने सहित भारतीय दंड संहिता की संबद्ध धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

# इंस्टाग्राम देखकर फेमस होने की चाह, 12 साल की लड़की ने छोड़ा घर, पुलिस ने 8 घंटे में ढूंढ निकाला



**मुंबई :** मुंबई के बोरीवली पश्चिम MHB पुलिस के कान तब खड़े हो गए, जब एक पिता रिपोर्ट लिखवाने थाने पहुंचा। उन्होंने पुलिस को बताया, उनकी 12 साल की नाबालिग बेटी ट्यूशन के लिए घर से निकली थी पर वहां पहुंची नहीं। मुंबई पुलिस के नियमों के मुताबिक 16 साल से कम उम्र के बच्चों के गुमशुदगी मामले में अपहरण का मामला दर्ज करके गुमशुदा की तलाश की जाती है. जानकारी मिलने के बाद बोरीवली की एमएचबी पुलिस ने निर्भया स्क्वाड सहित अलग अलग टीमों को तैनात कर लड़की की तलाश शुरू की. जानकारी के मुताबिक दहिसर पश्चिम इलाके की रहने वाली 12 वर्षीय नाबालिग लड़की सुबह 10 बजे घर से ट्यूशन जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वो ट्यूशन नहीं पहुंची. घर वालों ने आस- पास के इलाकों में ढूंढने के बाद एमएचबी पुलिस में मिसिंग का मामला दर्ज कराया. जिसके बाद टल्ढ पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी की जांच की. बोरीवली एमएचबी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कई टीम बनाकर आसपास के इलाकों की छानबीन शुरू कर दी.

**लड़की के पास नहीं था मोबाइल फोन**

पुलिस ने बताया कि नाबालिग लड़की के पास मोबाइल फोन नहीं था, जिसकी वजह से उसकी लोकेशन को ढूंढना कठिन था, लेकिन तलाश शुरू करने के लगभग 8 घंटे की जांच में पता चला कि लड़की बोरीवली स्टेशन के आस पास है. MHB पुलिस की टीम तत्काल बोरीवली पहुंची और लड़की को साथ लेकर पुलिस स्टेशन आई. जिसके बाद लड़की का मेडिकल जांच कराकर उसे घर वालों को सौंप दिया गया. पुलिस ने कहा कि ज्यादा मोबाइल इस्तेमाल करने और पढ़ाई को लेकर लड़की को उसके माता पिता ने डांटा था.

# मुंबई में सीए ने किया सुसाइड, पुलिस ने बताई आत्महत्या के पीछे की वजह



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) ने अपने दोस्त के रिसॉर्ट में कथित रूप से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। उसके खिलाफ कुछ दिन पहले बलात्कार के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यहां बताया कि सीए चिराग वरैया (45) ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें लिखा है कि उनकी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। अधिकारी ने कहा कि इगतपुरी में रिसॉर्ट की देखभाल करने वाले शख्स ने सोमवार रात को वरैया को फंदे से लटका पाया, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। मुंबई की भांडुप पुलिस ने 10 जनवरी को वरैया के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया था जिसके बाद उसने जांच में सहयोग किया था। अधिकारी ने बताया कि उसने जांच अधिकारी को आश्वस्त किया था कि जब भी जरूरत पड़ेगी तब वह थाने आएगा। इगतपुरी के एक पुलिस अधिकारी ने कहा, यह आत्महत्या का मामला है। हमें कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। प्राथमिक सूचना के आधार पर हमने दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज की है।

## मुंबई लोकल ट्रेन के सामने कूदकर मुख्य लोको पायलट ने की आत्महत्या, घटना CCTV कैमरे में कैद

**मुंबई :** पश्चिम रेलवे के 57 वर्षीय मुख्य लोको निरीक्षक ने मुंबई के विले पार्ले स्टेशन पर लोकल ट्रेन के सामने कूदने के बाद पटरी पर लेटकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली. राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि 26 जनवरी को हुई यह घटना रेलवे स्टेशन पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. मृतक राकेश कुमार गौड़ के परिवार में उसकी पत्नी और दो बेटियां हैं. पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है और जांच जारी है.

# मुंबई के इस इलाके में चला 100 दुकानों पर BMC का बुलडोजर, दुकानदारों को हुआ नुकसान


**मुंबई :** मुंबई महानगरपालिका के पी उत्तर विभाग ने बुधवार को पठानवाड़ी रोड पर 50 वर्ष से अधिक पुरानी 100 दुकानों को बुलडोजर से तोड़ दिया। यहां प्रस्तावित 18.30 मीटर रोड को चौड़ा करने के लिए इन दुकानों को तोड़ा गया। बीएमसी की तोड़क कार्रवाई के खिलाफ लोगों ने जम कर विरोध किया। एमएच पठान



मार्ग पर लगभग 152 से अधिक दुकानें जिसके बारे में कहा जा रहा है कि वह रोड वाइडनिंग के बीच में आ रही हैं। स्थानीय दुकानदारों ने आरोप लगाया कि पी नॉर्थ विभाग के अधिकारी रोड़ का मार्किंग फाइनल किए बिना मनमानी तरीके से दुकानों का तोड़ा है।

**महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने स्टे दिया था**

महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने दुकानों को नहीं तोड़ने के लिए स्टे दिया था। बीएमसी के साथ सुनवाई में आयोग ने ज्वाइंट निरीक्षण के बाद कार्रवाई करने के लिए कहा था,लेकिन अधिकारी स्वयं को आयोग से भी बड़ा समझ कर उसके आदेश की अवहेलना किए।



# महाराष्ट्र के जख्मों पर नमक छिड़कने वाला बजट

## क्या विपक्ष का दावा वाकई में है सच?

मुंबई: केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने बजट पेश कर दिया है. महाराष्ट्र में इस बजट को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में 10 लाख करोड़ के निवेश को फ्यूचर इंडिया का बजट बताया. उन्होंने कहा कि यह टेक्नॉलोजी और नॉलेज ड्रिवेन बजट है जो सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबकी भागीदारी को तय करता है.

सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह गरीबों को आधार , मध्यमवर्ग को राहत, उद्योगों को उभार, बुनियादी सुविधाओं में सुधार और युवाओं को रोजगार देने वाला बजट है. लेकिन आदित्य ठाकरेसंतुष्ट नहीं हैं.

यानी एक तरफ महाराष्ट्र में वर्तमान वित्तमंत्री देवेंद्र फडणवीस समेत सत्ता पक्ष इस बजट को अमृतकाल का सबके लिए हितकारी बजट बता रहा है तो दूसरी तरफ एनसीपी नेता और पूर्व वित्त मंत्री अजित पवार, आदित्य ठाकरे समेत विपक्ष इसे मूल सवालों को नजरअंदाज करने वाला और चुनावी जुमलेबाजी वाला बजट बता रहा है.

**आदित्य ठाकरे की आलोचना में कितना दम, महाराष्ट्र को मिला ज्यादा या कम?**

आदित्य ठाकरे से अलग सीएम एकनाथ शिंदे का कहना है कि उन्होंने महाराष्ट्र के सहकारिता विभाग और सुगर इंडस्ट्री के संदर्भ में जो मांग की थी, वो पूरी हुई है. सहकारिता क्षेत्र को राहत देने वाला यह बजट है. इंफ्रास्ट्रक्चर और अर्बन डेवलपमेंट के संबंध में जो इतना बड़ा बजट रखा गया है वो देश में महाराष्ट्र के अलावा और कौन सा राज्य सबसे ज्यादा लाभार्थी होने वाला है? सीएम शिंदे ने कहा कि इन क्षेत्रों में जो निवेश बढ़ाया गया है उससे सीधे-सीधे महाराष्ट्र को सबसे ज्यादा फायदा पहुंचेगा, क्योंकि महाराष्ट्र ही देश का सबसे ज्यादा औद्योगिकीकरण और शहरीकरण वाला राज्य है. यह बजट महाराष्ट्र को 1 ट्रिलियन इकॉनॉमी बनाने के लिए मददगार साबित होने वाला है. सीएम शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र इलेक्ट्रिक वाहनों का मैन्यूफैक्चरिंग हब है. इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को सस्ता करने के लिए जो प्रोत्साहन दिया गया है, उससे महाराष्ट्र को नहीं तो किसको फायदा होगा? इनका विकास होगा तो रोजगार बढ़ेगा. इससे महाराष्ट्र के युवाओं को नहीं तो कहां के युवाओं को सबसे ज्यादा फायदा होगा?



**डिजिटल करो, ड्रोन चलाओ, हेलिकॉप्टर घुमाओङ्खखेती फायदेमंद कैसे ?यह बताओ**

कृषि क्षेत्र की बात करें तो महाराष्ट्र के स्वाभिमानी शेतकरी संगठन के अध्यक्ष राजू शेट्टी ने बजट को लेकर निराशा जताई है. उन्होंने कहा कि शुगर मिल्स के तराजू तक डिजिटल नहीं हो पाए हैं तो खेती-किसानी के डिजिटलाइजेशन की बातें आसमानी हैं. उन्होंने कहा कि जीएसटी की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान किसान उठा रहे हैं. किसान खाद, ट्रैक्टर, प्लास्टिक के अलग-अलग साधन, कीटनाशक, पंप वगैरह खरीदने में भर-भर कर जीएसटी देते हैं. लेकिन उस जीएसटी का कितना हिस्सा किसानों तक लौट कर आता है? सिर्फ हवाबाजी नहीं, खेती-किसानी फायदे का धंधा कैसे होगा, यह बताएं. राजू शेट्टी ने कहा कि दावा किया गया था कि 2022 तक किसानों की आमदनी दुगुनी होगी. आमदनी दुगुनी नहीं हुई, रासायनिक खाद के दाम दुगुने हो गए. 2014 में कहा गया था कि उत्पादन खर्च से डेढ़ गुना ज्यादा एमएसपी दी जाएगी. क्या हुआ? पहले शुगर मिल्स के वजन कांटे डिजिटल करके हमें लूट से बचाएं, फिर पूरी खेती के डिजिटलाइजेशन की बात करें, उतना तो हो नहीं पा रहा, बातें बड़ी-बड़ी हो रही हैं.

### 'जख्मों पर छिड़का गया नमक, महाराष्ट्र को सीख लेना चाहिए सबक'

**आदित्य ठाकरे ने कहा कि हाल ही में गुजरात में विधानसभा चुनाव हुआ. वहां चुनाव जीतने के लिए महाराष्ट्र से वेदांता फॉक्सकॉन, टाटा एयरबेस, गिफ्ट सिटी, फाइनांशियल सेंटर ले जाया गया. सूरत को डायमंड हब बनाया गया. जिस महाराष्ट्र से इन उद्योगों को दूसरे राज्यों में शिफ्ट किया गया, उस महाराष्ट्र के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया गया.**

जो किसानों की शिकायत है उस पर गौर करते हुए हम अगर बजट का एनालिसिस करें तो खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि स्टार्टअप्स की स्थापना की बात कही गई है. इसके लिए युवाओं को प्रोत्साहन दिया जाएगा. कृषि निधि की योजना है. इससे किसानों को खेती के नए और किफायती तरीके अपनाने में मदद मिल सकेगी. टेक्नोलोजी के इस्तेमाल को बढ़ाने की भी बात की गई है.

### 'मुंबई को दिल्ली के सामने झुकाना है, फिर अंगूठा दिखाना है'

**आदित्य ठाकरे ने कहा कि इस बजट में यह साफ दिखा कि मुंबई को दिल्ली के सामने झुकाना है और फिर अंगूठा दिखाना है. कर्नाटक में चुनाव है, वहां के अपर भद्रा रीजन के विकास के लिए प्लान लाया गया है. राष्ट्रीय बजट में महाराष्ट्र के लिए कुछ दिखाई नहीं देता, मुंबई का जिक्र तक नहीं हुआ. कर्नाटक का जिक्र इसलिए हुआ क्योंकि वहां चुनाव है.**

# महाराष्ट्र फिर से रेलवे परियोजनाओं में 50 फीसदी खर्च उठाने को तैयार



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में रेलवे परियोजनाओं का 50 फीसदी खर्च न उठाने के पूर्ववर्ती एमवीए सरकार के फैसले को पलट दिया है और सांसदों से विभिन्न लंबित परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए कहा है। राज्य के हित में महाराष्ट्र के सांसद एकजुट होकर संसद में आवाज उठाएंगे ताकि केन्द्र सरकार से ज्यादा से ज्यादा राशि और प्रस्तावों को मंजूरी मिले। महाराष्ट्र के लोकसभा सांसदों से बात करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि आम आदमी के लिए लाभकारी कई परियोजनाएं केंद्र सरकार के समक्ष लंबित हैं।

उन्होंने कहा, हमें उनमें तेजी लाने तथा उन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। संसद सदस्य राज्य के विकास के लिए योगदान देनेवाले जनप्रतिनिधि है। अपने सांसद देश के सर्वोच्च सभागार में महाराष्ट्र का बुलंद आवाज हैं, यह आवाज जितनी बुलंद होगी, उतनी विकास की योजना और निधि राज्य में आएगा। इसके लिए हम सबके द्वारा एकत्रित आकर केंद्र सरकार की ओर प्रलंबित प्रस्तावों के बारे में फॉलोअप लें। सतत फॉलोअप लेनेवाली यंत्रणा तैयार कर महाराष्ट्र सदन के निवासी आयुक्त द्वारा केंद्रीय मंत्रालय और राज्य के विभिन्न विभागों के बीच पुल के रूप में कार्य करें।'' उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रेलवे परियोजनाओं में 50 प्रतिशत का योगदान न देने के पूर्ववर्ती सरकार के निर्णय को अब पलट दिया गया है। राज्य सरकार की ओर 50 फीसदी निधि देने का निर्णय लिया गया है। फिलहाल केंद्र सरकार की ओर से 1400 करोड़ रुपये मिले है। सबके द्वारा उपयोगिता प्रमाणपत्र दिया जाए, ताकि केंद्र सरकार की ओर से निधि मिलने में मदद होगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र को केंद्र सरकार से पर्याप्त निधि मिल रहा है और हाल ही में प्रधानमंत्री ने राज्य के नगर विकास विभाग के 15 हजार करोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। आवश्यक उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय पर भिजवायें ताकि राज्य को केन्द्र सरकार से समय पर आवश्यक निधि प्राप्त हो सके।

# भिवंडी में काम पर सिगरेट जलाना पड़ा भारी

## ब्लास्ट हुआ केमिकल ड्रम, दो की मौत

**महाराष्ट्र :** हाल ही में आई खबर के मुताबिक, मुंबई के पास भिवंडी में धमाके की भयानक घटना हुई है। दरअसल खोनी में कबाड़ के गोदाम में केमिकल टैंक में विस्फोट हो गया। इस धमाके में दो लोगों की मौत हो गई है। इस घटना के बारे में बताया गया है कि शख्स ने सिगरेट पीते हुए केमिकल टैंक खोलने की कोशिश की और उसमें विस्फोट हो गया। जिसकी वजह से दो लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना भिवंडी शहर के तलवाली नाका के खोनी स्थित कबाड़ गोदाम में आज सुबह 8.30 बजे के बीच हुई। मृतकों की पहचान रमजान मोहम्मद जमील कुरैशी (45 वर्ष) और मोहम्मद इस्त्राइल शेख (38 वर्ष) के रूप में हुई है। हमेशा की तरह कुरैशी और मोहम्मद शेख आने वाले स्क्रैप की जांच कर रहे थे और उन्हें अलग कर रहे थे। इसी दौरान केमिकल के कुछ ड्रम आ गए। जांच के दौरान केमिकल का ड्रम अचानक फट गया और दोनों दूर जा गिरे।



इस समय दोनों धूम्रपान कर रहे थे। मृतक के परिजनों ने बताया कि केमिकल गैस के संपर्क में आने से धमाका हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि दोनों के शरीर के चिथड़े उड़ गए। गोदाम को काफी नुकसान हुआ है। धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़ पड़े। घटना की जानकारी मिलने पर भिवंडी दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। हैरानी वाली बात यह है कि इस रसायन से आग नहीं लगी लेकिन कुछ धुआं जरूर निकला। स्थानीय निजामपुरा पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया और दोनों शवों को सरकारी अस्पताल भिजवाया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com